सांवरिया मेरा बाबा | By Soni Marwal |

सांवरिया मेरा बाबा
लीले का असवार है
ये लाखदातार है
श्याम सरकार है

कलयुग में घर-घर में
होती है बाबा की पूजा
हारे का हो साथी कोई
देव ना ऐसा दूजा
दुखियों का, भक्तों का
यारों का ये यार है
ये लाखदातार है
श्याम सरकार है

मोर मुकुट शीश पे है
माथे पे केसर का टीका
पचरंगा बागा है
के सुंदर श्याम धणी का
मन बसिया हाय रसिया
क्या सुंदर श्रृंगार है
ये लाखदातार है
श्याम सरकार है

कीर्तन में आ जाओ
मेरे बांके बिहारी
बैरीगी पे कृपा करो
सांवरिया एक बारी
भजनों की फूलों की
अंजलि ये सत्कार है
ये लाखदातार है
श्याम सरकार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-soni-marwal/